SJU Govt. Registered Social Justice Union

दैनिक

# न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, गुरुवार 17 अगस्त 2023 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-05, अंक- 319

## महत्वपूर्ण एवं खास

### ट्रक और ऑटो-रिक्शा की आमने-सामने जबरदस्त भिड़ंत, पांच लोगों की दर्दनाक मौत

**हैदराबाद (आरएनएस)।** तेलंगाना के वारंगल जिले में बुधवार को एक ट्रक और ऑटो-रिक्शा के बीच टक्कर में पांच लोगों की मौत हो गई। दुर्घटना वर्धन्नापेट मंडल के येलांडा गांव के पास हुई। पुलिस के अनुसार, ऑटोरिक्शा में सवार चार लोगों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गये। घायलों में से एक की अस्पताल में मौत हो गई। ऑटोरिक्शा वारंगल से थोरूर की ओर जा रहा था। तभी सामने से आ रहे ट्रक से उसकी टक्कर हो गई। पुलिस को संदेह है कि ट्रक चालक नशे में था। पुलिस ने राजस्थान के रहने वाले ड्राइवर को गिरफ्तार कर लिया है। सभी मृतक और घायल शहद बेचने का काम करते थे।

### केरल में वंदे भारत एक्सप्रेस पर फिर पथराव

**तिरुवनंतपुरम (आरएनएस)।** तिरुवनंतपुरम जाने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस पर बुधवार को केरल के कन्नूर जिले में एक बार फिर पथराव हुआ। तिरुवनंतपुरम जाने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस पर पथराव की घटना थालास्सेरी और माहे के बीच हुई जिसमें सी-8 कोच की खिडक़ी के शीशे टूट गए। हालांकि, घटना के दौरान कोई घायल नहीं हुआ. यह दूसरी बार है जब वंदे भारत एक्सप्रेस पर बुधवार को हमला हुआ है। कन्नूर और कासरगोड जिलों में ट्रेनों पर पथराव की घटनाएं आम बात हो गई हैं. रेलवे पुलिस और केरल पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है। इससे पहले, उपद्रवियों ने तटीय राज्य के कन्नूर और कासरगोड जिलों से होकर गुजरने वाली तीन ट्रेनों पर भी पथराव किया था। रविवार की रात जब दो ट्रेनें कन्नूर रेलवे स्टेशन से रवाना हुईं और कासरगोड जा रही थीं, तो वालापट्टनम के पास उन पर पथराव किया गया। एक अन्य ट्रेन पर भी नीलेश्वरम में पथराव किया गया, जब वह कासरगोड से कन्नूर के लिए रवाना हुई थी। रेलवे पुलिस ने 2 अप्रैल की घटना को ध्यान में रखते हुए घटना को गंभीरता से लिया है जब 27 वर्षीय दिल्ली निवासी शाहरुख सैफी ने कोझिकोड से कन्नूर जाने वाली ट्रेन में आग लगा दी थी। मामले की जांच एनआईए कर रही है और सैफी फिलहाल न्यायिक हिरासत में हैं।

### फ्रांस में तीन पर्यटकों को ले जा रहा विमान दुर्घटनाग्रस्त



**पेरिस।** फ्रांस के लॉयर-अटलांटिक के पश्चिमी विभाग में तीन लोगों को ले जा रहा एक पर्यटक विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। सूत्रों ने फ्रांस ब्लू के हवाले से बताया कि विमान कथित तौर पर लॉयर-अटलांटिक विभाग के नैनटेस और ला बाउले के बीच मंगलवार दोपहर के आसपास गायब हो गया। दमकलकर्मियों को विमान का मलबा समुद्र में तीन से चार मीटर गहराई में मिला है। स्थानीय अधिकारियों ने कहा कि खराब मौसम के कारण बचाव अभियान मंगलवार शाम को निलंबित कर दिया गया। अब तक, पीड़ितों की बरामदगी के बारे में कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है। फ्रांस में ब्यूरो ऑफ इंक्वायरी एंड एनालिसिस फॉर सिविल एविएशन सेफ्टी (बीईए) ने पहले ही दुर्घटना की जांच शुरू करने की घोषणा कर दी है।

# भारतीय सेना को जल्द मिलेंगे अपाचे लड़ाकू हेलीकॉप्टर, बोइंग ने शुरू किया उत्पादन



**नईदिल्ली (आरएनएस)।** अमेरिका की विमान कंपनी बोइंग ने भारतीय सेना के लिए 6 अपाचे लड़ाकू हेलीकॉप्टर का उत्पादन शुरू कर दिया है।कंपनी ने बताया कि यह हेलीकॉप्टर एरीजोना प्रांत के मेसा में बन रहे हैं और अगले साल इनकी डिलीवरी की जा सकती है।गौरतलब है कि भारतीय वायुसेना को 22 ई-मॉडल हेलीकॉप्टरों की डिलीवरी पूरी करने के बाद बोइंग ने 2020 में भारतीय सेना के लिए 6 एएच-64ई हेलीकॉप्टर के निर्माण के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए थे।

बोइंग इंडिया के अध्यक्ष सलिल गुप्ते ने कहा, हम भारत के साथ रक्षा सहयोग में एक और महत्वपूर्ण पड़ाव हासिल करने पर खुश हैं। बोइंग का यह कदम भारत की रक्षा क्षमताओं का सहयोग करने के लिए अटूट प्रतिबद्धता को उजागर करता है।उन्होंने आगे कहा, एएच-64ई हेलीकॉप्टर की अत्याधुनिक तकनीक और युद्ध-परीक्षण प्रदर्शन भारतीय सेना की परिचालन प्रभावशीलता को बढ़ाने के साथ-साथ रक्षात्मक क्षमताओं नई ऊंचाई प्रदान करेगा।

**दुनिया का प्रमुख हमलावर हेलीकॉप्टर है अपाचे-** बोइंग की मेसा साइट की वरिष्ठ कार्यकारी अधिकारी और अटैक हेलीकॉप्टर कार्यक्रम की उपाध्यक्ष क्रिस्टीना उपाह ने कहा कि अपाचे हेलीकॉप्टर दुनिया का प्रमुख हमलावर हेलीकॉप्टर है।उन्होंने आगे कहा कि अपाचे हेलीकॉप्टर में अद्वितीय मारक क्षमता है और हम भारतीय सेना को यह तकनीक प्रदान करने के लिए उत्साहित हैं।गौरतलब है कि टाटा बोइंग एयरोस्पेस लिमिटेड ने इस साल की शुरुआत में हैदराबाद में भारतीय सेना के लिए अपाचे हेलीकॉप्टर का फ्यूजलेज (मुख्य धड़ा) निर्मित किया था।

भारतीय वायुसेना को सितंबर, 2019 में 22 में से 8 अपाचे हेलीकॉप्टर की पहली खेप मिली थी। इन्हें पठानकोट एयरबेस पर एक कार्यक्रम में वायुसेना के बेड़े में शामिल किया गया था।बोइंग ने तय समयसीमा से पहले ही 2020 में बाकी हेलीकॉप्टर की डिलीवरी पूरी कर दी थी, जिसके बाद इन्हें भारत के उत्तरी और पश्चिमी क्षेत्र में तैनात किया गया था।वायुसेना ने एमआई-35 हेलीकॉप्टर का स्थान लेने के लिए अपाचे हेलीकॉप्टर की खरीददारी का फैसला किया था। अपाचे हेलीकॉप्टर के जरिए अनेक आधुनिक हथियारों का इस्तेमाल हो सकता है। इनमें हवा से जमीन में मार करने वाली हेलफायर मिसाइल, 17 एमएम हाइड्रा रॉकेट और हवा से हवा में मार करने वाली स्टिंगर मिसाइल शामिल हैं।अपाचे हेलीकॉप्टर में हथियार उप प्रणाली के हिस्से के रूप में 1200 राउंड के साथ 30 एमएम चेकगन है। इसके साथ ही इसमें हेलीकॉप्टर फायर कंट्रोल रडार है, जो 360 डिग्री का कवरेज प्रदान करता है। इसमें नाइट विजन प्रणाली भी है।

## चांद की अंतिम कक्षा में पहुंचा चंद्रयान-3 : अब प्रणोदन और लैंडर मॉड्यूल को अलग करने की तैयारी



**बेंगलुरु (आरएनएस)।** चंद्रयान-3 बुधवार को चंद्रमा की पांचवी व अंतिम कक्षा में सफलतापूर्वक प्रवेश करते हुए उसकी सतह के और भी करीब पहुंच गया। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने कहा कि इसके साथ ही चंद्रयान-3 ने चंद्रमा तक पहुंचने की अपनी प्रक्रिया पूरी कर ली है और अब यह प्रणोदन मॉड्यूल और लैंडर मॉड्यूल को अलग करने की तैयारी करेगा। राष्ट्रीय अंतरिक्ष एजेंसी ने ट्वीट किया, 'आज की सफल प्रक्रिया संक्षिप्त अवधि के लिए आवश्यक थी। इसके तहत चंद्रमा की 153 किलोमीटर & 163 किलोमीटर की कक्षा में चंद्रयान-3 स्थापित हो गया, जिसका हमने अनुमान किया था। इसके साथ ही चंद्रमा की सीमा में प्रवेश की प्रक्रिया पूरी हो गई। अब प्रणोदन मॉड्यूल और लैंडर को अलग होने के लिए तैयार हैं।' इसरो ने कहा कि 17 अगस्त को चंद्रयान-3 के प्रणोदन मॉड्यूल से लैंडर मॉड्यूल को अलग करने की योजना है।

14 जुलाई को प्रक्षेपण के बाद चंद्रयान-3 ने 5 अगस्त को चंद्रमा की कक्षा में प्रवेश किया, जिसके बाद इसने 6, 9 और 14 अगस्त को चंद्रमा की अगली कक्षाओं में प्रवेश किया तथा उसके और निकट पहुंचता गया। चंद्रयान-3 के 23 अगस्त को चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुवीय क्षेत्र पर सॉफ्ट लैंडिंग करने की उम्मीद है।

## अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि पर राष्ट्रपति व प्रधानमंत्री ने दी श्रद्धांजलि



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने राष्ट्रीय राजधानी स्थित 'सदैव अटैल' जाकर पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की पांचवीं पुण्यतिथि पर उन्हें बुधवार को श्रद्धांजलि अर्पित की। इनके अलावा रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष जेपी नड्डा, राज्यसभा में सदन के नेता पीयूष गोयल ने भी 'भारत रत्न' वाजपेयी को पुष्पांजलि अर्पित की। कई केंद्रीय मंत्रियों और सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) में शामिल घटक दल के नेताओं ने भी वाजपेयी को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर प्रार्थना सभा का भी आयोजन किया गया।

'सदैव अटल' वाजपेयी का स्मारक है। वर्ष 2018 में आज ही के दिन दिल्ली के अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में उनका लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया था। प्रधानमंत्री मोदी ने 'एक्स' (पूर्व में ट्विटर) पर पोस्ट किया, 'अटल जी को उनकी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित करने में भारत के 140 करोड़ लोगों के साथ मैं भी शामिल हूं। उनके नेतृत्व से भारत को बहुत लाभ हुआ। उन्होंने हमारे देश की प्रगति को बढ़ावा देने और इसे विभिन्न क्षेत्रों में 21वीं सदी में ले जाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।'

## देश में चलेंगी 10 हजार ई बसें, 3 लाख आबादी वाले 100 शहरों को चुना जाएगा



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने प्रदूषण रहित सार्वजनिक परिवहन प्रणाली को मजबूत बनाने के लिए 57 हजार 613 करोड़ रूपये की प्रधानमंत्री ई बस सेवा को मंजूरी दे दी है। इसके तहत 10 हजार ई बसें चलाई जाएंगी। पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप (क्कक्कक्क) मॉडल पर बसों का संचालन होगा। यह योजना 3 लाख और उससे अधिक आबादी वाले शहरों को कवर करेगीसूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने बुधवार को यहां एक संवाददाता सम्मेलन में बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। उन्होंने कहा कि इस हरित परिवहन सेवा के लिए मंजूर 57 हजार 613 करोड़ रूपये की कुल राशि में से 20 हजार करोड़ रूपये की राशि केन्द्र सरकार तथा शेष राशि राज्य सरकार वहन करेंगी। उन्होंने कहा कि इस सेवा के लिए 169 शहरों में से पहले 100 शहरों को चुना जायेगा और इनमें इलेक्ट्रिक बसें चलायी जायेंगी।

ठाकुर ने कहा कि निजी-सार्वजनिक भागीदारी पर आधारित इस योजना के तहत बसों के संचालन के लिए प्रति किलोमीटर की दर से भुगतान किया जायेगा। यह राशि प्रतिस्पर्धी बोली के आधार पर तय की जायेगी। उन्होंने कहा कि इससे सार्वजनिक परिवहन प्रणाली प्रदूषण रहित बनेगी। ठाकुर ने बताया कि यह योजना तीन लाख और उससे अधिक आबादी वाले शहरों में लागू की जायेगी। इसमें केन्द्र शासित प्रदेशों की राजधानी, पूर्वोत्तर क्षेत्र और पर्वतीय राज्यों के शहरों को शामिल किया जायेगा। ऐसे शहरों को वरीयता दी जायेगी जहां अभी संगठित बस सेवा नहीं है। इस योजना से रोजगार के 45 हजार से 55 हजार प्रत्यक्ष अवसर पैदा होंगे।

उन्होंने कहा कि योजना में दस हजार ई बसें चलायी जायेंगी जिससे राज्यों में सार्वजनिक परिवहन प्रणाली मजबूत होगी और प्रदूषण में कमी आयेगी। उन्होंने कहा कि ई बस सेवा के लिए मल्टी मॉडल इंटरचेंज सुविधा , स्वचालित किराया प्रणाली और चार्जिंग ढांचागत सुविधा तैयार की जाएगी। ठाकुर ने कहा कि बस ऑपरेटरों को भुगतान राज्य सरकारों द्वारा किया जायेगा जबकि सब्सिडी केन्द्र सरकार देगी।

## अब अदालती फैसलों या दलीलों में महिलाओं के लिए प्रयोग नहीं होंगे आपत्तिजनक शब्द : सीजेआई ने लांच की हैंडबुक



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** सुप्रीम कोर्ट के फैसलों और दलीलों में अब जेंडर स्टीरियोटाइप शब्दों का इस्तेमाल नहीं होगा। भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) डी.वाई. चंद्रचूड़ ने बुधवार को कानूनी कार्यवाही में महिलाओं के बारे में लैंगिक रूढ़िवादिता को पहचानने, समझने और उसका मुकाबला करने में न्यायाधीशों और वकीलों की सहायता के लिए एक हैंडबुक जारी किया। न्यायाधीशों और वकीलों दोनों के लिए उपलब्ध कराई गई हैंडबुक में लैंगिक अनुचित शब्दों की एक शब्दावली है और वैकल्पिक शब्द या वाक्यांश सुझाए गए हैं जिनका उपयोग दलीलों, आदेशों और निर्णयों में किया जा सकता है। यह रूढ़िवादिता की व्याख्या करता है और लैंगिक रूढ़िवादिता को बढ़ावा देने वाली भाषा की पहचान कर वैकल्पिक शब्द और वाक्यांश प्रदान कर न्यायाधीशों को उनसे बचने में मदद करता है।

सीजेआई चंद्रचूड़ ने खुली अदालत में वकीलों को संबोधित करते हुए कहा, हैंडबुक महिलाओं के बारे में आम रूढिय़ों की पहचान करती है, जिनमें से कई का उपयोग अतीत में अदालतों द्वारा किया गया है और यह दर्शाता है कि वे कैसे गलत हैं और वे कानून के अनुप्रयोग को कैसे विकृत करते हैं। उन्होंने कहा कि हैंडबुक का विमोचन संदेह पैदा करने या पिछले निर्णयों की आलोचना करने के लिए नहीं है, बल्कि यह इंगित करने के लिए है कि कैसे अनजाने में रूढ़िवादिता को नियोजित किया जा सकता है। 8 मार्च को महिला दिवस पर सुप्रीम कोर्ट में हुए इवेंट में कहा था कि कानूनी मामलों में महिलाओं के लिए आपत्तिजनक शब्दों का इस्तेमाल रुकेगा, जल्द डिक्शनरी भी आएगी।

## कैबिनेट ने 14,903 करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ डिजिटल इंडिया कार्यक्रम के विस्तार को दी मंजूरी




**नई दिल्ली (आरएनएस)।** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को 14,903 करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ डिजिटल इंडिया कार्यक्रम के विस्तार को मंजूरी दे दी।

रेलवे, इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक के बाद एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि फ्यूचरस्किल्स प्राइम कार्यक्रम के तहत 6.25 लाख आईटी पेशेवरों को फिर से कुशल और उन्नत किया जाएगा।

डिजिटल इंडिया कार्यक्रम पहली बार केंद्र द्वारा 2015 में शुरू किया गया था और अब इसके दायरे में, सूचना सुरक्षा और शिक्षा जागरूकता चरण कार्यक्रम के तहत 2.65 लाख लोगों को सूचना सुरक्षा में प्रशिक्षित किया जाएगा।

मंत्री ने आगे कहा कि उमंग प्लेटफॉर्म पर 540 अतिरिक्त सेवाएं भी उपलब्ध कराई जाएंगी।

वैष्णव ने कहा कि राष्ट्रीय सुपर कंप्यूटर मिशन के तहत नौ सुपर कंप्यूटर जोड़े जाएंगे।

भाषिनी, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस सक्षम बहु-भाषा अनुवाद उपकरण (वर्तमान में 10 भाषाओं में उपलब्ध) सभी 22वीं अनुसूची के अनुच्?छेद 8 में उल्लिखित भाषाओं में शुरू किया जाएगा।

मंत्री ने कहा कि इसके अलावा, 1,787 शिक्षा संस्थानों को जोडऩे वाले राष्ट्रीय ज्ञान नेटवर्क का आधुनिकीकरण किया जाएगा।

डिजीलॉकर के तहत डिजिटल दस्तावेज़ सत्यापन सुविधा एमएसएमई और अन्य संगठनों को उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि टियर 2ढ्ढ और 3 शहरों में डिजिटल इंडिया योजना के तहत 1,200 स्टार्टअप को समर्थन दिया जाएगा।

# अक्षय कुमार को मिली भारतीय नागरिकता

**❒ कहा दिल और नागरिकता, दोनों हिंदुस्तानी**



**मुंबई (आरएनएस)।** अक्षय कुमार अब भारतीय नागरिक हैं, उन्होंने इसका सबूत एक्स पर अपने आधिकारिक सरकारी दस्तावेजों की तस्वीर के साथ साझा किया. अक्षय पहले कनाडाई नागरिक थे, जिसके लिए अक्सर कुछ वर्गों द्वारा उनकी आलोचना की जाती रही है. अक्षय ने एक्स पर एक दस्तावेज़ साझा किया जिसमें उनका नाम अक्षय हरिओम भाटिया लिखा हुआ था. उन्होंने पोस्ट के साथ लिखा कि, दिल और नागरिकता, दोनों हिंदुस्तानी. स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं! जय हिंद. उनके प्रशंसकों ने उन्हें बधाई दी और स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दीं.

2019 में हिंदुस्तान टाइम्स लीडरशिप समिट के एक सत्र के दौरान अक्षय ने वादा किया था कि वह जल्द ही भारतीय पासपोर्ट के लिए आवेदन करेंगे. तीन साल बाद, उन्होंने एक अन्य नेतृत्व शिखर सम्मेलन सत्र के दौरान एक अपडेट साझा किया. अक्षय कुमार ने कहा कि, कनाडाई पासपोर्ट होने का मतलब यह नहीं है कि मैं किसी भारतीय से कम हूं. मैं पूरी तरह से भारतीय हूं. मैं पिछले नौ साल से यहां हूं, जब मुझे पासपोर्ट मिला था. और मैं इस कारण में नहीं जाना चाहता कि क्यों, क्या हुआ, मेरी फिल्में नहीं चल रही थीं, ब्ला ब्ला ब्ला, चलो वो ठीक है.

हां, मैंने यह 2019 में कहा था, मैंने इसके लिए आवेदन किया था. फिर उसके बाद महामारी आ गई. उसके 2-2.5 साल सब कुछ बंद हो जाएगा. त्याग का अभी मेरा पत्र आ गया है (तब महामारी आई और 2-2.5 साल के लिए सब कुछ बंद हो गया. मेरा त्याग पत्र यहाँ है) और बहुत जल्द मेरा पूरा पासपोर्ट आ जाएगा. उन्होंने आगे कहा, मैं क्या करू, मैं थोड़ी महामारी लाया हूं.

अक्षय की नवीनतम रिलीज़ पंकज त्रिपाठी के साथ ओएमजी 2 थी जो इस शुक्रवार को रिलीज़ हुई और गदर 2 से कड़ी टक्कर के बावजूद बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन कर रही है. इसके अलावा, उनके पास सोरारई पोटरू की अभी तक शीर्षक वाली हिंदी रीमेक भी है जो 1 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए पूरी तरह तैयार है. फिल्म में राधिका मदान और परेश रावल भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं.

## विश्वकर्मा योजना छोटे कारीगरों के प्रयासों को बढ़ाएगी : पीएम मोदी



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को कहा कि विश्वकर्मा योजना छोटे कारीगरों के प्रयासों को बढ़ाएगी। इससे पहले दिन में, केंद्रीय कैबिनेट ने पीएम विश्वकर्मा योजना के लिए 13,000 करोड़ रुपये को मंजूरी दे दी थी, जिसके तहत लोहार, मोची, लोहार और मछुआरों जैसे 18 पारंपरिक व्यवसायों में लगे कारीगरों को पीएम विश्वकर्मा प्रमाण पत्र और आईडी कार्ड के माध्यम से मान्यता प्रदान की जाएगी। मंगलवार को मोदी ने लाल किले से अपने स्वतंत्रता दिवस के भाषण के दौरान इस योजना की घोषणा की थी.

प्रधानमंत्री ने एमएसएमई मंत्री नारायण राणे के ट्वीट की प्रतिक्रिया में यह टिप्पणी की, जहां मंत्री ने कहा कि नई योजना से कारीगरों के 30 लाख परिवारों को लाभ होगा।

हमारे देश के कौशल और सांस्कृतिक विविधता को अपनाते हुए, पीएम विश्वकर्मा पहल ग्रामीण और शहरी भारत के हमारे पारंपरिक कारीगरों और शिल्पकारों का जश्न मनाएगी। कालातीत गुरु-शिष्य परंपरा का सम्मान करते हुए, यह हमारे विश्वकर्माओं के प्रयासों को बढ़ाएगी, उन्हें जोड़ेगी। मोदी ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर राणे की टिप्पणियों के जवाब में कहा, आधुनिक मूल्य श्रृंखलाओं और आने वाली पीढिय़ों के लिए उनके अमूल्य कौशल को संरक्षित करना।

योजना के तहत 5 प्रतिशत की रियायती ब्याज दर के साथ 1 लाख रुपये (पहली किश्त) और 2 लाख रुपये (दूसरी किश्त) तक की ऋण सहायता दी जाएगी।

यह योजना कारीगरों को कौशल उन्नयन, टूलकिट प्रोत्साहन, साथ ही डिजिटल लेनदेन और विपणन सहायता के लिए प्रोत्साहन प्रदान करेगी। यह योजना 17 सितंबर को विश्वकर्मा दिवस पर शुरू की जाएगी, जो संयोग से मोदी का जन्मदिन भी है।